उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130

Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130

Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in

पत्रांकः 4386 /यूपीयूएमएस/छात्रप्रकोष्ठ(2886/302)/2024–25 दिनांकः 31 जुलाई, 2024

नोटिस

विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक्स के पत्र संख्या 1081/पीडिया/ यूपीयूएमएस/24–25 दिनांक 22 जुलाई, 2024 के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 22.07.2024 को एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के सी–बैच के सभी छात्र/छात्राएं क्लीनिकल पोस्टिंग में अनुस्थित थे।

एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र/छात्राओं की प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में स्वैच्छिक अनुपस्थिति के कारण उनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 के मानकों से कम थी, जिसके कारण द्वितीय वर्ष की समयाधि स्वतः ही विस्तारित हो गयी थी। जिसकी वज़ह से एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र/छात्राओं की तृतीय वर्ष की कक्षाएं विलम्ब से प्रारम्भ हो सकी हैं। उक्तानुसार प्राप्त सूचना से स्पष्ट है कि छात्र/छात्राएं तृतीय वर्ष की कक्षाओं में भी स्वैच्छिक अनुपस्थिति को अपनी आदत में शामिल कर रखा है।

एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति यदि एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों से कम रहती है, तो वह नियमानुसार विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाओं हेतु पात्र नहीं होंगे। उक्त के कारण परीक्षाओं को निर्धारित शैक्षणिक कैलेन्डर के अनुसार सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। छूटी हुई कक्षाओं को पूर्ण कराये जाने हेतु उनकी नियमित कक्षाएं तब तक जारी रखी जायेंगी, जबतक कि उनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती। इसमें जो भी समय लगेगा, उसका प्रभाव उनके आगे के पाठ्यक्रम पर भी पड़ेगा, जिसकी वजह से उनका सम्पूर्ण पाठ्यक्रम स्वतः ही आगे बढ़ जायेगा।

अतः एम0बी0बी0एस0–2021 के समस्त छात्र/छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि वह नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित हों, ताकि उनकी परीक्षाएं निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार सम्पन्न हो सकें।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष चिकित्सा संकाय

प्रतिलिपि–

1. समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष।
2. प्रभारी अधिकारी वेबसाईट उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के अवलोकनार्थ अपलोड कराने हेतु।
3. निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
4. एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र/छात्राओं को व्हाटसेप ग्रुप के माध्यम से अनुपालनार्थ।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष चिकित्सा संकाय